कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश

क्रमांक/ 1023 /स्था.एक/पटवारी/317673/2024 ग्वालियर, दिनांक 4/10/2024

प्रति

कलेक्टर,
जिला- समस्त
मध्यप्रदेश ।

विषय: पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 के माध्यम से चयनित अभ्यार्थियों की तीसरी काउंसलिंग के संबंध मे।

संदर्भ: कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख का पत्र क्रमांक/ 172 /स्था./पटवारी 2023 ग्वालियर, दिनांक 18/02/2024

विषयांतर्गत पटवारी भर्ती परीक्षा 2022-23 के संबंध मे दो काउंसलिंग दिनांक 24.02.24 एवं 9.03.24 को आयोजित की जा चुकी हैं। दोनो काउंसलिंग मे पात्र अभ्यर्थियों के अतिरिक्त विज्ञापित 6755 पदों के विरुद्ध 1776 रिक्त पदों की जानकारी जिलों द्वारा कार्यालय को प्रेषित की गई है। इन रिक्त पदों की पूर्ती अतिरिक्त काउंसलिंग के माध्यम से करने की स्वीकृति शासन द्वारा दी गई है। यह काउंसलिंग MPONLINE द्वारा तैयार किए गए पोर्टल www.prc.mponline.gov.in के माध्यम से की जावेगी। अतः इसी क्रम मे तीसरी काउंसलिंग दिनांक **28 अक्टूबर 2024** को निर्धारित की जाकर निम्नानुसार दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं -

1. **काउंसलिंग का स्थान-** यह काउंसलिंग केवल ऐसे जिलों मे की जाए जो कि पटवारी भर्ती परीक्षा 2022-23 मे विज्ञापित थे एवं पूर्व मे आयोजित दोनो काउंसलिंग उपरांत जिलों द्वारा पद रिक्त होने की सूचना कार्यालय को दी गई है।
2. **पोर्टल से चयन सूची का मिलान-** इस काउंसलिंग हेतु जिलों द्वारा प्रेषित रिक्त पदों के आधार पर mponline द्वारा चयन सूची तैयार कर https://prc.mponline.gov.in पर सभी जिलों को अपने अपने जिले के लॉगिन आई.डी. पर चयन सूची प्रदर्शित कराई जा रही है। इस चयन सूची को कार्यालय द्वारा सभी जिलों को ई-मेल पर भी प्रेषित की जा रही है, जिसमें अभ्यर्थियों के प्राप्तांक की जानकारी भी जोड़ी गई है। कृपया इस सूची का मिलान पोर्टल पर उपलब्ध चयन सूची से कर इस पत्र के साथ संलग्न परिशिष्ट-1 कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. सभी अभ्यर्थियों को कॉल लेटर जारी करने एवं काउंसलिंग दिनांक को उपस्थित होने के बीच न्यूनतम 15 दिवस का समय दिया जाना सुनिश्चत करें।
4. इस काउंसलिंग से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए निम्नानुसार समय सीमा निर्धारित की जाती है-

क्र.	कार्य का विवरण	समय सीमा
1	पोर्टल से सूची का मिलान	**05.10.24**
2	चयनित अभ्यर्थियों को काउंसलिंग दिनांक को उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र जारी करना	**06.10.24 से 08.10.24**
3	पोर्टल पर अभ्यर्थियों को दस्तावेज अपलोड करने की सुविधा	**08.10.24 से 18.10.24**

Scanned with OKEN Scanner